कर्म-दहन-विधानकी उपवास-विधि

कर्मदहन विधानके कुल उपवास १९६ हैं। आठ कर्मोंकी १४८ प्रकृतियोंके १४८ और कर्म नाश हुए बाद सिद्धोंको जो आठ गुण प्राप्त होते हैं उनके ८। कुछ लोग अष्टमी आदि पर्व तिथियोंमें भी कर्मदहन-विधानके उपवासोंको करके व्रतको जल्दी जल्दी पूरा कर देते हैं; परन्तु यह ठीक नहीं है। कारण—कर्म-दहनका अर्थ है—कर्मोंका नाश; इसलिए जिस गुणस्थानमें जितनी प्रकृतियोंका नाश होता है उस गुणस्थानकी संख्याके अनुसार उस तिथिके उतने ही उपवास करने चाहिए। उदाहरणके लिए कल्पना कीजिए कि चौथे गुणस्थानमें ७ प्रकृतियोंका नाश होता है, इसलिए चौथके ७ उपवास करने चाहिए। उसी भाँति नौवें गुणस्थानमें ३६ प्रकृतियोंका नाश होता है, इस कारण नौमीके ३६ उपवास करने चाहिए। इसी प्रकार और और तिथियोंमें भी समझना चाहिए।

इस क्रमसे चौथके ७+ सप्तमीके ३+ नौमीके ३६+ दसमीका १+ बारसके १६+ चौदसके ८९+ और इसके बाद अष्टमीके ८+ ऐसे कुल मिलाकर १५६ उपवास हुए।

जाप्य-विधि ।

जिस जिस तिथिके उपवास किये जायँ, उस दिन जितनी प्रकृतियोंका नाश हुआ है, उन सबके उतने उतने ही मंत्र हैं। उन मंत्रोंकी क्रमसे एक एक दिन एक एक सौ आठ आठ जाप देनी चाहिए। उदाहरणके लिए कल्पना कीजिए, चौथे गुणस्थानमें ७ प्रकृतियोंका नाश होता है। इस कारण चौथके सात उपवास करना पड़ेंगे। इन सातों ही उपवासोंके सात मंत्र हैं। सो एक एक उपवासके दिन एक एक मंत्रकी एक एक सौ आठ आठ जाप देनी चाहिए। इसी भाँति सब तिथियोंमें समझना चाहिए। उपवासोंकी कुल संख्या है १९६। इस हिसाबसे मंत्रोंकी संख्या भी १९६ ही हुई। ये सब मंत्र नीचे लिखे जाते हैं।

चौथके ७ उपवासके सात मंत्र ।

ॐ ह्रीं मिथ्यात्व-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं सम्यक्मिथ्यात्व-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं मिश्र-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं अनन्तानुवन्धिक्रोध-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं अनन्तानुबन्धिमान-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं अनन्तानुवन्धिमाया-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं अनन्तानुवन्धिलोभ-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।

सप्तमीके ३ उपवासके तीन मंत्र ।

ॐ ह्रीं नरकायुष्कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं तिर्यगायुष्कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं देवायुष्कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।

नौमीके ३६ उपवासके छत्तीस मंत्रः ।

ॐ ह्रीं निद्रानिद्रा-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं प्रचलाप्रचला-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं स्त्यानगृद्धि-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं नरकगति-कर्मरहिताय सिद्धाय तमः ।
ॐ ह्रीं तिर्यग्गति-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं नरकगत्यानुपूर्वी-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं तिर्यग्गत्यानुपूर्वी-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।

ॐ ह्रीं एकेन्द्रिय-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।

ॐ ह्रीं द्वीन्द्रिय-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।

ॐ ह्रीं त्रीन्द्रिय-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।

ॐ ह्रीं चतुरिन्द्रिय-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।

ॐ ह्रीं स्थावर-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।

ॐ ह्रीं आताप-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।

ॐ ह्रीं उद्योत-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।

ॐ ह्रीं परघात-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।

ॐ ह्रीं सूक्ष्म-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।

ॐ ह्रीं प्रत्याख्यानावरणक्रोध-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।

ॐ ह्रीं प्रत्याख्यानावरणमान-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।

ॐ ह्रीं प्रत्याख्यानावरणमाया-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।

ॐ ह्रीं प्रत्याख्यानावरणलोभ-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।

ॐ ह्रीं अप्रत्याख्यानावरणक्रोध-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।

ॐ ह्रीं अप्रत्याख्यानावरणमान-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।

ॐ ह्रीं अप्रत्याख्यानावरणमाया-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।

ॐ ह्रीं अप्रत्याख्यानावरणलोभ-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।

ॐ ह्रीं नपुंसकवेद-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।

ॐ ह्रीं स्त्रीवेद-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।

ॐ ह्रीं पुरुषवेद-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।

ॐ ह्रीं हास्य-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।

ॐ ह्रीं रति-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।

ॐ ह्रीं अरति-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं शोक-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं भय-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं जुगुप्सा-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं संज्वलनक्रोध-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं संज्वलनमान-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं संज्वलनमाया-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।

दसमीके १ उपवासका एक मंत्र ।

ॐ ह्रीं संज्वलनलोभ-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।

बारसके १६ उपवासके सोलह मंत्र ।

ॐ ह्रीं निद्रा-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं प्रचला-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं मतिज्ञानावरण-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं श्रुतज्ञानावरण-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं अवधिज्ञानावरण-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं मनःपर्ययज्ञानावरण-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं केवलज्ञानावरण-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं चक्षुदर्शनावरण-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं अचक्षुदर्शनावरण-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं अवधिदर्शनावरण-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं केवलदर्शनावरण-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।

ॐ ह्रीं दानान्तराय-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं लाभान्तराय-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं भोगान्तराय-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं उपभोगान्तराय-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं वीर्यान्तराय-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।

चौदसके ८५ उपवासके पचासी मंत्र ।

ॐ ह्रीं असातावेदनी-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं औदारिकशरीरनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः
ॐ ह्रीं वैक्रियकशरीरनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं आहारकशरीरनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं तैजसशरीरनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं कार्माणशरीरनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं औदारिकबन्धननाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं वैक्रियकबन्धननाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं आहारकबन्धननाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं तैजसबन्धननाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं कार्माणबन्धननाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं औदारिकसंघातनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः
ॐ ह्रीं वैक्रियकसंघातनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं आहारकसंघातनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं तैजससंघातनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं कार्माणसंघातनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।

ॐ ह्रीं औदारिकाङ्गोपाङ्गनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः।
ॐ ह्रीं वैक्रियकाङ्गोपाङ्गनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः।
ॐ ह्रीं आहारकाङ्गोपाङ्गनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः।
ॐ ह्रीं समचतुरस्रसंस्थाननाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः।
ॐ ह्रीं न्यग्रोधपरिमण्डलसंस्थाननाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः
ॐ ह्रीं स्वस्तिकसंस्थाननाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः।
ॐ ह्रीं वामनसंस्थाननाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः।
ॐ ह्रीं कुब्जकसंस्थाननाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः।
ॐ ह्रीं हुण्डकसंस्थाननाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः।
ॐ ह्रीं वज्रवृषभनाराचसंहनननाम-कर्मरहिताय सि० नमः
ॐ ह्रीं वज्रनाराचसंहनननाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः।
ॐ ह्रीं नाराचसंहनननाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः।
ॐ ह्रीं अर्धनाराचसंहनन-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः।
ॐ ह्रीं कीलकसंहनननाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः।
ॐ ह्रीं स्फाटिकसंहनननाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः।
ॐ ह्रीं श्यामवर्णनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः।
ॐ ह्रीं हरिद्वर्णनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः।
ॐ ह्रीं पीतवर्णनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः।
ॐ ह्रीं अरुणवर्णनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः।
ॐ ह्रीं श्वेतवर्णनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः।
ॐ ह्रीं तिक्तरसनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः।
ॐ ह्रीं कटुकरसनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः।

ॐ ह्रीं मधुररसनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं आम्लरसनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं कसायलरसनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं मृदुस्पर्शनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं कठोरस्पर्शनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं शीतस्पर्शनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं उष्णस्पर्शनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं रूक्षस्पर्शनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं स्निग्धस्पर्शनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं गुरुस्पर्शनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं लघुस्पर्शनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं सुगन्धनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं दुर्गन्धनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं देवगत्यानुपूर्वीनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं अगुरुनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं लघुनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं उच्छ्वासनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं उपघातनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं शुभविहायोगतिनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं अशुभविहायोगतिनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय:नमः ।
ॐ ह्रीं अपर्याप्तनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं स्थिरनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।

ॐ ह्रीं अस्थिरनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं शुभनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं अशुभनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं दुर्भगनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं सुस्वरनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं दुःस्वरनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं अनादरनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं अयशोनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं यशोनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं निर्माणनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं नीचगोत्रनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं देवगतिनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं सातावेदनीनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं नरकायुर्नाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं मनुष्यगतिनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं मनुष्यगत्यानुपूर्वीनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं पञ्चेन्द्रियजातिनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं त्रसनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं बादरनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं पर्याप्तिनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं सुभगनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं आदरनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।

ॐ ह्रीं उच्चगोत्रनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं यशोनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं तीर्थङ्करनाम-कर्मरहिताय सिद्धाय नमः ।

इस प्रकार १४८ कर्म-प्रकृतियोंका क्षय कर आत्मा मोक्ष चला जाता है । फिर वह संसारमें कभी नहीं आता । मोक्ष आत्माको सिद्ध कहते हैं । सिद्ध अवस्थामें उसके अनन्त गुण प्रगट होते हैं । उनमें आठ गुण मुख्य हैं । इन आठ गुणोंके अष्टमीके आठ उपवास कर प्रत्येक दिन क्रममें नीचे लिखे आठ मंत्रोंकी जाप देनी चाहिए ।

अष्टमीके ८ उपवासके आठ मंत्र ।

ॐ ह्रीं अनन्तसम्यक्त्व-गुणसहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं अनन्तदर्शन-गुणसहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं अनन्तज्ञान-गुणसहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं अनन्तवीर्य-गुणसहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं सूक्ष्मत्व-गुणसहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं अमूर्त्तिक-गुणसहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं अगुरुलघु-गुणसहिताय सिद्धाय नमः ।
ॐ ह्रीं अव्याबाध-गुणसहिताय सिद्धाय नमः ।

नमः सिद्धेभ्यः

कर्म-दहन पूजाविधान ।

समुच्चय अष्टकर्म-दहन पूजा ।

अडिल्ल छन्द ।

लोक-शिखर तन छाँड़ि अमूरति ह्वै रए,
चेतन ज्ञान-स्वभाव ज्ञेयतैं भिन भए ।
लोकालोक सु काल तीन सब विधि घनी–
जानी सो जिनदेव जजौं बहु थुति ठनी ॥

ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं सिद्धपरमेष्ठिन् अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननं । ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं सिद्धपरमेष्ठिन् अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं । ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं सिद्धपरमेष्ठिन् अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणं ।

॥ अथाष्टक ॥ चाल–जोगीरासा ।

अजर अखंड सदा अविनाशी, तीन लोक सिरताजा ।
है सर्वज्ञ अनाकुल मूरति, तीन भवनके राजा ।
ऐसे सिद्ध सदा तिनके पद, पूजौं भक्ति उपाई ।
क्षीरोदधि-जल कनक-झारिका निर्मल उर करि भाई ॥

ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं सिद्धपरमेष्ठिने जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा ॥

वातवलय तनुवात तीसरो, तामैं तिन थिति कीनी ।
आवागमन रह्यो भव भीतर, अपनी परिनति चीनी ।
ऐसे सिद्ध सदा तिनके पद, पूजौं भक्ति उपाई ।
पावन चंदन घसि जल निर्मल, अलि-पंकति सुखदाई ॥

ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं सिद्धपरमेष्ठिने संसारतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा ॥

जा तनतैं शिवथान पधारे, तातैं कछुक घटाई ।
है विंजन-परजाय ज्ञान-घन, दुख नहिं पइये भाई ।
ऐसे सिद्ध सदा तिनके पद, सिरधरि हाथ नवाऊँ ।
अक्षततैं पूजा तिन केरी, करि करि धरि सुर गाऊँ ॥

ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं सिद्धपरमेष्ठिने अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा ॥

अष्ट करम-रज रंच न पइये, निर्मल अति अघहारी ।
तिनके चरण-कमल प्रति प्राति दिन, होवै धोक हमारी ।
सुरतरु-फूल महा गँधथानक, जिनके चरण चढ़ाऊँ ।
ता फल नाशे मदन महा दुष्ट, और कहा जस गाऊँ ॥

ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं सिद्धपरमेष्ठिने कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा ॥

जोतिसरूपी निज गुन-गर्भित, कर्म-कलंक न पइये ।
ताकी थुति हरि सुरसे गावैं, ता फल शिव-सुख लइये ।

ऐसे सिद्ध सदा तिनके पद, सुध नैवेद्य चढाऊँ।
ता फल होय क्षुधा नहिं कबहूँ, थिर ह्वै निज गुन गाऊँ॥

ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं सिद्धपरमेष्ठिने क्षुद्रोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

लोकालोक पदारथ सब तिन, ज्ञान विषैं झलकाये।
तिन जाननमैं खेद न उपजै, काच समा समझाये।
ऐसे सिद्ध सदा तिनके पद, दीपक मनमैं लाऊँ।
ता फल नाश अज्ञान तनो ह्वै, पूजन फेर न आऊँ॥

ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं सिद्धपरमेष्ठिने मोहान्धकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा॥

धूपायन निज भाव बनाये, शुकलध्यान करि वह्नी।
अष्ट करम शुभ धूप बनाई, हरष हरष करि दह्नी।
ऐसे सिद्ध सदा तिनके पद, पूजौं भक्ति उपाई।
ताके फल सिव पदवी लहिये, काल अनँत सुखदाई॥

ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं सिद्धपरमेष्ठिने अष्टकर्मविध्वंसनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा॥

पंचमगति तिनको सुध वासो, और थान नहिं जावैं।
ऐसो सुख पायौ तहँ थिति करि, और ठाम नहिं पावैं।
ऐसे सिद्ध सदा तिनके पद, पूजौं भक्ति उपाई।
ताके फल शिवको फल लहिये, और कहा अधिकाई॥

ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं सिद्धपरमेष्ठिने मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा॥

अष्ट गुना तिनके सुख गाये, गुन अनंतके धारी।
नाम लिये नित मंगल होवै, तिन पद धोक हमारी
ऐसे सिद्ध सदा तिनके पद, पूजौं भक्ति उपाई।
अष्ट कर्म तातैं क्षय पावैं, अष्ट गुनोत्सव थाई॥
ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं सिद्धपरमेष्ठिने अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥

दोहा।

पूजा तिनकी करत ही, सिद्ध होय सब काम।
तातैं अठ विधि द्रव्य ले, पूजौं सब सिध धाम॥
ॐ ह्रीं० अनर्घपदप्राप्तये महार्घं निर्वपामीति स्वाहा॥

---

(१)

ज्ञानावरणी-कर्म-विनाश पूजा।

गीताछंद।

ज्ञानवरनी पाँच विधि है, ज्ञान गुन जियको हन्यो।
तातैं सुजिय बिन ज्ञान ह्वै बहु, काल चिर चउगति फिर्यो।
ते ज्ञानवरनी घात निज गुन, ज्ञानकों निरमल कियो।
सो सिद्ध चेतन ज्ञान-सुख-पिंड, जन्म-वनकों छेदियो॥
ॐ ह्रीं पंचप्रकार ज्ञानावरणरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥

तीन शत छत्तीस विधि मति, ज्ञान है कै परनयो।
मतिज्ञानवरनी ज्ञान मतिकों, घातिकै जय पद लयो।

ते ज्ञानवरनी घाति निज गुन, ज्ञानको निरमल कियो ।
सो सिद्ध चेतन ज्ञान-सुख-पिंड जन्मवनकौं छेदियो ॥

ॐ ह्रीं षट्त्रिंशदधिक—त्रिशतप्रकारमतिज्ञानावरणविनाशनाय सिद्ध-परमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

जो अर्थतैं अर्थान्त्र जानैं, ज्ञान श्रुत सो वरनयो ।
सो अंगपूरव दोय विधि श्रुति—ज्ञानवरनीसौं जयो ।
ते ज्ञानवरनी घाति निज गुन, ज्ञानको निर्मल कियो ।
सो सिद्ध चेतन ज्ञान-सुख-पिंड, जन्मवनकौं छेदियो ॥

ॐ ह्रीं द्विप्रकारश्रुतज्ञानावरणरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

जे अवधि तीन प्रकार देशा, सर्व, परमा जानिये ।
इन घाति है सो अवधिवरनी, अवधित्रय विधि हानिये ।
ते ज्ञानवरनी घाति निज गुन, ज्ञानकौं निर्मल कियो ।
सो सिद्ध चेतन-ज्ञान-सुखपिंड जन्मवनकौं छेदियो ॥ ४ ॥

ॐ ह्रीं अवधिज्ञानावरण-रहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

मनज्ञान ऋजु अक विपुल दो विधि, पारके मनकी लखै ।
यम घात मनपरजय सुवरनी, ज्ञानकी घातिक अखै ।
ते ज्ञानवरनी घाति निज गुन, ज्ञानकौं निर्मल कियो ।
सो सिद्ध चेतन ज्ञान-सुख-पिंड जन्मवनकौं छेदियो ॥

ॐ ह्रीं मनःपर्ययज्ञानावरण-रहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

लोक सब त्रय कालकी पर्याय केवलमैं रही ।
इस ज्ञान घातक वरन केवल, सर्वघाती वरनही ।
ते ज्ञानवरनी घाति निज गुन, ज्ञानकौं निर्मल कियो ।
सो सिद्ध चेतन ज्ञान-सुख-पिंड, जन्म-वनकौं छेदियो ॥

ॐ ह्रीं केवलज्ञानावरणरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपातीति स्वाहा ॥

वरनि पाँचों ज्ञान-मल धोय, ज्ञान सब निज सुध करयो ।
छाँड़ि जड़ तन लखि अपावन, मूरती विन तन धर्यो ।
अब रहै जामन-मरन करते, ज्ञान अविचल तिन ठयो ।
ते नमूँ कर सिरधारि पलपल, मनुष भव हम फल लयो ॥

ॐ ह्रीं पंचप्रकार-ज्ञानावरणरहिताय सिद्धपरमेष्ठिभ्यो महार्घं निर्वपामीति ॥

---

(२)

दर्शनावरण-कर्म-विनाश पूजा ।

अडिल्ल छंद ।

नौ दर्शनकी घात करन हारी प्रकृति ।
तिन घाती जियकी अनंत देखन शकति ।
दर्शन घातनहारी, तिन घाती सही ।
ता सिध पद श्रुति धारि, नमूँ त्रिभुवनमही ॥ १ ॥

ॐ ह्रीं नवप्रकारदर्शनावरणरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

चक्षु थकी अवलोकन दर्शन-चखु कह्यो ।
या दर्शनकौं हनै सु चखुवरनी चह्यो ।
दर्शन घातनहारी, तिन घाती सही ।
ता सिध पद थुति धारि नमूँ त्रिभुवनमही ॥ २ ॥

ॐ ह्रीं चक्षुदर्शनावरणरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

चक्षु बिना नौइन्द्री मनतैं जो लखै ।
सो अचक्षुदृश जान घाति वरनी अखै ।
दर्शन घातन० ॥ ३ ॥

ॐ ह्रीं अचक्षुदर्शनावरणरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

अगली पिछली लखै अवधिदर्शन कह्यो ।
अवधि दर्शनावरनी ताको क्षय रह्यो ।
दर्शन घातन० ॥ ४ ॥

ॐ ह्रीं अवधिदर्शनावरण-कर्मरहिता सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

लोकालोक निहार दरश केवल कह्यो ।
केवलदर्शनवरनी यहु गुन जय लह्यो ।
दर्शन घातन० ॥ ५ ॥

ॐ ह्रीं केवलदर्शनावरणरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

चाल—जोगीरासा ।

निद्रानिद्राकर्म-उदै जिय, सेन बहुत वसि आवै ।
अपनी शक्ति गमाय कर्म-बल, मूरति जड़सी थावै ।
ऐसी निद्रा घाति आपनी, शक्ति सकल परकाशी ।
ते सिध सुख-सागरमें गर्भित, तीन लोक मैं भापी ॥ ६ ॥

ॐ ह्रीं निद्रानिद्राकर्म-रहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

प्रचलाप्रचला होय उदै तब, नीर मुखै अँग हालै ।
अर्द्ध मुँदे रहै अर्द्ध खुले चखु, जीव जोर नहिं चालै ।
ऐसी निद्रा० ॥ ७ ॥

ॐ ह्रीं प्रचलाप्रचलाकर्म-रहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

कर्मस्त्यानगृद्धि उदै तैं, जोर होय अधिकाई ।
भूलै निज सुध काज करै बहु, ज्ञान न रंच रहाई ।
ऐसी निद्रा० ॥ ८ ॥

ॐ ह्रीं स्त्यानगृद्धिकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

निद्रा अल्प सु होय जीवकौं हाँक दिये उठि आवै ।
निद्रा नामक कर्म यह है, या वसि चेतन थावै ।
ऐसी निद्रा० ॥ ९ ॥

ॐ ह्रीं निद्राकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

प्रचलाकर्म-उदै जब होवै, जीव चेत सुत सोवै ।

तुच्छ शोरथकी तत्क्षण ही, सुनकरि चेत सु होवै।
ऐसी निद्रा० ॥ १० ॥

ॐ ह्रीं प्रचलाकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥

दोहा।

दर्शनावरनी नौ प्रकृति, घाति भये सिध सोय।
ते सब अर्घ चढ़ायके, पूजौं मन-मद खोय॥ ११ ॥

ॐ ह्रीं नवप्रकारदर्शनावरणकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा॥

---

(३)

वेदनीकर्म-विनाश पूजा।

पद्धरी छंद।

यहु कर्म वेदनी दोय भेव,
ता वस जिय सुख दुख लहै स्वमेव।
यहु कर्मकाटि शिवथान पाय,
ते सिद्ध नमूँ मन वचन काय॥ १ ॥

ॐ ह्रीं वेदनीकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥

जब साता कर्म उदै जु होय,
रागी जिय सुख मानै हु सोय।
यहु कर्म काटि शिवथान पाय,
ते सिद्ध नमूँ मन वचन कांय॥ २ ॥

ॐ ह्रीं सातावेदनीकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

जब उदै असाता होय आय,
रागी मोह-वश थिरता न पाय ।
यहु कर्म घाति शिवथान होय ।
ते सिद्ध नमूँ मन वचन जोय ॥ ३ ॥

ॐ ह्रीं असातावेदनीकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

ये कर्म मोह-बल सुफल दाय,
बिन मोह विफल इन उदै थाय ।
सुख-दुख-दायक ये स्वाँग धारि ।
यहु कर्म जयो ते जगत तारि ॥ ४ ॥

ॐ ह्रीं वेदनीकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

(४)

मोहनीकर्म-विनाश पूजा ।

कड़खा छंद ।

मोहने जगतके जीव सब जय लये,
जड़ विषैं ममत्त सबकौं करायो ।
जीव भी मोह-वश आपदा भोगकै,
नृत्य करि चार गति देखि आयो ॥
इन्द्र धरनेन्द्र चक्री सबैं मोहकी,
[illegible]

यो मोह जातैं जयौ धन्य ते जन भये,
अर्घ ले चर्ण ताके जजैं ही ॥ १ ॥

ॐ ह्रीं मोहनीकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

क्रोध-वश आप उर दाहि अनिकौं दहै,
नाहिं वहु काललौं संग छोरै ।
रेख पाषाणकी क्रोध अनन्तानको,
यो रहै धर्म ते नाहिं जोरै ।
जीव सब जगतके जेर याने किये,
मोक्ष-मग रोकि मद आप छायौ ।
तासकौं घात शिव राह लीन्हीं सरल,
छाँडि भव-गैल सिधथान धायौ ॥

ॐ ह्रीं अनन्तानुबंधिक्रोधरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

मान अनन्तान थंभ भयो पाषाण ज्यों,
फूटि है, नेक नहीं नमन ठानै ।
या उदै जीव टेढ़ो रहै अकाड़िकै,
वायकी व्याधि ज्यों रीत आनै ।
जीव सब जगतके० ॥ ३ ॥

ॐ ह्रीं अनन्तानुबंधिमानरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

कर्म माया उदै जीव परकौं छलै,
वाँसजड़ त्यौं हिये गाँठि सारै ।

वचन ओते कहै दोष सारे लहै ।
याहि वस जीव नर्क राह धारै ।
जीव सब जगतके० ॥ ४ ॥

ॐह्रीं अनन्तानुबंधिमायारहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

लोभ अनन्तान-वस जीव निज प्राणदे,
नाहिं परभावसौं प्रीति मोरै ।
वरन मंजीठ ज्यों ठाम नाहीं तजै,
याहि वस जीव भव माहिं दोरै ।
जीव सब जगतके० ॥ ५ ॥

ॐह्रीं अनन्तानुबंधिलोभरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

चौपाई ।

या वस जीव अनन्ते काल, आपा-परको लयो न ताल ।
यह शिव-मारग घातनहार, याकौं हरै सिद्ध निरधार ॥ ६ ॥

ॐह्रीं अनन्तानुबंधिरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

हल-रेखावत क्रोध सु जान, अप्रत्याख्यान संजमकी हान ।
याकौं हनै महा भट सोय, ते सिद्ध पूजें सब सिध होय ॥७॥

ॐह्रीं अप्रत्याख्यानक्रोधरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

मान अप्रत्याख्यान सु भाव, अस्थि-थंभवत याको दाव।
याकौं हनै महाभट सोय, ते सिध पूजै सब सिध होय ॥८॥
ॐ ह्रीं अप्रत्याख्यानमानरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

माया हिरनसींग-वल जिसी, सूधी होय ज्ञानमैं फसी।
याकौं हनै महाभट सोय, ते सिध पूजै सब सिध होय ॥९॥
ॐ ह्रीं अप्रत्याख्यानमायारहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

लोभ कसूँभ-रंग सम जान, याके उदै चाह परमान।
याकौं हनै महाभट सोय, ते सिध पूजै सब सिध होय ॥१०॥
ॐ ह्रीं अप्रत्याख्यानलोभरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

अडिल्ल छंद।

ये चारों भट जान अप्रत्याख्यानके,
हानि करै अनुव्रत तनी दुख थानके।
याकौं हनि सिध भये लोक मंगल लयो,
तिनकूँ अर्घ चढ़ाय जजौं भव धनि भयो ॥
ॐ ह्रीं अप्रत्याख्यानरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

वेसरी छंद।

प्रत्याख्यान रेख-रज जानौ, क्रोध यहै मुनिपदको हानौ।
याकौं घातै सो शिव पावै, लोकपूज सिध नाम कहावै ॥

ॐ ह्रीं प्रत्याख्यानक्रोधरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

काष्ठथंभवत नरमी जामें, प्रत्याख्यान मान बल तामें ।
याकौं घातें सो शिव पावै, लोकपूज सिध नाम कहावै ॥

ॐ ह्रीं प्रत्याख्यानमानरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

मीढ़सींगवत माया सोई, प्रत्याख्यान चारमैं होई ।
याकौं घातें सो शिव पावै, लोकपूज सिध नाम कहावै ॥

ॐ ह्रीं प्रत्याख्यानमायारहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।

प्रत्याख्यान लोभ केसरसो, ताके उदै जीव अघ करिसो ।
याकौं घातें सो शिव पावै, लोकपूज सिध नाम कहावै ॥

ॐ ह्रीं प्रत्याख्यानलोभरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

दोहा ।

चौ भट प्रत्याख्यानके, इन थिति सब व्रत हानि ।
इनकौं क्षयकरि सिध भये, ते पूजौं अघ भानि ॥

ॐ ह्रीं प्रत्याख्यानकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

पद्धरी छंद ।

संज्वलन-क्रोध जल-रेख जोय,
याके अँश केवल-गम्य होय ।

मुनिहू पै जोर करै सुजान,
याकौं हति सिध पायौ स्वथान ॥
ॐ ह्रीं संज्वलनक्रोधरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

संज्वलनमान थंभ वेत्र जोय,
वड़ पदको घातै मंद होय ।
मुनिसे पद यातै जेर जानि,
याकौं हति सिध पायौ स्वथान ॥
ॐ ह्रीं संज्वलनमायारहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं विर्वपामीति स्वाहा ॥

माया संज्वलन तृपसींग जोय,
मुनिवरमें वैठी दीन होय ।
मारग शिवके नहिं देय जान,
याकौं हति सिध पायौ स्वथान ॥
ॐ ह्रीं संज्वलनमायारहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥

रँग पतँग जेम संज्वलन-लोभ,
जिन पाड़्यो शिवमग माहिं छोभ ।
ताकौं दल निजरैं नाहिं जान ।
याकौं हति सिध पायौ स्वथान ॥
ॐ ह्रीं संज्वलनलोभरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

ए संज्वलान भट चार जोय,
जिन विन इन वल पावै न कोय ।
ये यथाख्यात मग-हरनवान ।
इनकौं हत सिध पायो स्वथान ॥

ॐ ह्रीं संज्वलनरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा

चाल—सुन भाईरे

हाँसि उदै उर हास्य होय, सुन भाई रे।
संजमकी परिहार, चेत मन भाई रे।
याकौं घाति जु शिव गये, सुन भाई रे।
सिद्ध जजौं भवतार, चेत मन भाई रे।

ॐ ह्रीं हास्यकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

रति प्रकृतिके जोरसौं सुन भाई रे।
पुद्गल सदा सुहाय, चेत मन भाई रे।
याकौं घाति जु शिव गये, सुन भाई रे।
ते सिध सेऊँ भाय, चेत मन भाई रे॥

ॐ ह्रीं रतिकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

अरति कर्मके जोरसौं सुन भाई रे।
अरति वस्तुसौं होय, चेत मन भाई रे।
याकौं हरि शिवथल गये, सुन भाई रे।
ते सिध-थुति सिध होय, चेत मन भाई रे॥

ॐ ह्रीं अरतिकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

शोक कर्म जब बल करै, सुन भाई रे।
परिनति शोक कराय, चेत मन भाई रे।
याकौं घाति जु सिध भये, सुन भाई रे।
पूजौं सो चित ल्याय, चेत मन भाई रे॥

ॐ ह्रीं शोककर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

भय कर्म उदय जब होय, सुन भाई रे।
तब जिय उर कंपाय, चेत मन भाई रे।
याकौं घाति सु सिध भये, सुन भाई रे।
पूजौं सो चित ल्याय, चेत मन भाई रे॥

ॐ ह्रीं भयकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने 'अर्घं' निर्वपामीति स्वाहा॥

कर्म जुगुप्सा बल उदै, सुन भाई रे।
पर लखि लहै गिलान, चेत मन भाई रे।
ताकौं तिन घात्यो सही, सुन भाई रे।
पूजौं सो चित ल्याय, चेत मन भाई रे॥

ॐ ह्रीं जुगुप्साकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥

पुरुष वेद जब बल करै, सुन भाई रे
होय नारि उर चाह, चेत मन भाई रे।
या हत तिन शिव पद लह्यो, सुन भाई रे।
पूजौं सो शिवथान, चेत मन भाई रे॥

ॐ ह्रीं पुरुषवेदरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥

वेद जु स्त्रीके उदै, सुन भाई रे।
पुरुष चाह उर होय, चेत मन भाई रे।
याकौं हनि जे शिव गये, सुन भाई रे।
ते पूजौं सिध जोय, चेत मन भाई रे।

ॐ ह्रीं स्त्रीवेदरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥

वेद नपुंसकके उदै, सुन भाई रे।
नर तिय जुगपत भाय, चेत मन भाई रे।
ताकौं घाति जो शिव गये, सुन भाई रे।
पूजौं सो सिध आय, चेत मन भाई रे॥

ॐ ह्रीं नपुंसकवेदरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥

ये नव कर्म हास्यादि हैं, सुन भाई रे॥
शिवमग रोकन हार, चेत मान भाई रे।
इन हरि जे शिव-थल गये, सुन भाई रे।
अर्घ जजौं सिध सार, चेत मन भाई रे।

ॐ ह्रीं हास्यादिकनवकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥

अडिल्ल।

मिथ्या-वश पर आप एक कर जानिया,
चौं गति धरि धरि स्वांग आप करि मानिया।
याके उदै अज्ञान मोक्षवांछा तजी,।
ताकौं हत सिध भये अर्घ जाकौं जजी।

ॐ ह्रीं मिथ्यात्वकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जोगीरासा।

मिश्र मिथ्यात उदै जियके उर, द्विविधि स्वांग सो होवै।
नाहिं जथावत सम्यक जाकैं, नाहिं मिथ्यात सु जोवै।
या वश जीव अभय नहीं होवै नाहिं मोक्षपद पावै।
याकौं घाति सो शिव-परनै ताकौं अर्घ चढ़ावै॥

ॐ ह्रीं मिश्रमिथ्यात्व कर्मरहिताय सिद्धेपरमेष्ठिने अर्घं निर्व-पामीति स्वाहा ॥

सम्यकपरकाति कर्म उदैतैं, क्षय–उपशम दिढ़ हो ही ।
देव-धर्म-गुरुमैं अपनायत, वृष जिन सुखदा सो ही ।
शांतिनाथ जिन शांति करत हैं, ऐसी भाँति विचारै ।
याकौं घात करै सो सिध हैं, सो है शरण हमारै ॥

ॐ ह्रीं सम्यक्प्रकृतिमिथ्यात्वरहितासिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्व-पामीति स्वाहा ॥

दर्शनमोह तनी थिति कोड़ा, कोड़ी सत्तर होई ।
चारितमोह तनै वश संजम, धार सकैं नहिं कोई ।
यो ही मोह महाभट या वश, जीव जगतको वासी ।
याकौं धाति गये शिव–थानक, ते पूजौं थिति भाषी ॥

ॐ ह्रीं दर्शनमोहनीकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्व-पामीति स्वाहा ॥

---

(५)

आयुष्कर्म-विनाश पूजा ।

गीता छंद ।

आयु-कर्मवशाय आतम, खोड़ ज्यौं तनमैं रहै ।
नर-देव-नारक-पशूकी थिति भोगकै वपुकौं जहै ।
बिन आयु पूरी खिरत नहिं तन, भोग सुख दुख बावरे ।
यहु आयु कर्म हरि गये शिवपुर, ते जजौं करि चावरे ॥

ॐ ह्रीं आयुष्कर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

देव आयू उदै तव तन, देवमैं थिति जिय करै ।
तिथिं भये पूरी एक पल तिस, ठाम नहिं थिरता धरै ।
करि है उपाय अनेक विधि, सौं-लगै नाहीं दावरे ।
यहु आयु कर्म हरि गये शिवपुर, ते जजौं करि चावरे ।

ॐ ह्रीं देवायुष्यकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

मनुष आयु वशाय आतम, तन विषैं सुख दुख भरै ।
पूरी भए थिति एक छिन फिर, तहँ नहीं धीरज धरै ।
रैंन दिन वर्षाऽरु गर्मी शीत नाहिं लगावरे ।
यहु आयुकर्म० ॥

ॐ ह्रीं मनुष्यायुष्कर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

आयु तिर्यक् कर्मके वश जीव, पशु तनमैं बँध्यो ।
पंच थावर विकल त्रय पं-चेन्द्रि द्वय विधि हो सँध्यो ।
लहै दुख बहु शीत गरमी, भगन नाहिं उपावरे ।
इह आयु कर्म० ॥

ॐ ह्रीं तिर्यगायुष्कर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

पाप परिनामि ठान नृककी, आयु वश आतम पर्‌यो ।
दुख सहै छेदन-भेदनादिक, तड़न-ताड़िनमैं फिर्‌यो ।

नहिं कोइ एक उपाय दीखै, आयु वश जहँ जावरे।
यहु आयु कर्म० ॥

ॐ ह्रीं नरकायुष्कर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

इम कर्म चारों आयु हरि विन, काय त्रिभुवनपति भये।
त्रय वातमैं तिन वेढ़ि तिष्ठै काय धरनेतैं गये।
ऐसे अनन्तानंत सिध इक, एक सिद्ध मैं राजि हैं।
पूजौं अरघ धरि हरष उर मैं सिद्धिके फल काज है।

ॐ ह्रीं आयुष्कर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

---

(६)

नामकर्म-विनाश पूजा।

चौपाई।

नव्वै तीन नाम भट जोय,
या वश जीव स्वांग बहु होय।
याकौं हतैं बिना शिव नाहिं,
हत्यो नाम ते सिद्ध कहाहिं।

ॐ ह्रीं त्रिनवतिनामकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

करड़ी परकृति जब बल करै,
जीव तबैं तन काठौ धरै।

याकौं हरि शिव थानक लह्यो,
तिनकौं अर्घ जजौं नित ठयो ॥

ॐ ह्रीं कठोरकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

नरम करम तब ही बल करै,
सो जिय काया मृदु अति धरै।
यामैं वसि जिय सुख दुख पाय,
याकौं हरै सिद्ध थल जाय ॥

ॐ ह्रीं मृदुकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

उष्ण कर्म-वश आतम भयो,
तब तन उष्ण रूप धर लयो।
यामैं वसि जिय सुख दुख पाय,
याकौं हरै सिद्ध थल जाय ॥

ॐ ह्रीं उष्णकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

शीत शरीर लहै जिय सोय,
ताके शीत करम बल होय।
यामैं वसि जिय सुख दुख पाय।
याकौं हरै० ॥

ॐ ह्रीं शीतकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने—अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

हलको तन जाकै है सही,
हलकी प्रकृति उदै तिन लही ।
यामैं वसि० ॥

ॐ ह्रीं लघुकर्मप्रकृतिरहितायसिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

भारी तन पावै जिय सोय,
ताकै भारि कर्म रस होय ।
यामैं वसि० ॥

ॐ ह्रीं गुरुत्वप्रकृतिरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

रूखी प्रकृति उदै जब होय,
जीव धरै तन रूखो सोय ।
यामैं वसि० ॥

ॐ ह्रीं रूक्षप्रकृतिरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

कर्म चीकनो जब रस देय,
ताकै उदै चिकन तन लेय ।
यामैं वसि० ॥

ॐ ह्रीं स्निग्धकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

दोहा ।

खाटी प्रकृति उदै थकी, खाटो तन जिय पाय ।
ताकौं घात रु सिध भये, पूजौं अर्घं चढ़ाय ॥

ॐ ह्रीं आम्लकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं नि० स्वाहा ॥

मिष्ट कर्म वल जव कहै, मधुर काय तव पाय ।
ताकौं घात रु सिध भए, पूजौं अर्घ चढ़ाय ॥

ॐ ह्रीं मिष्टकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

कटुक कर्म रस दे तवै, जीव कटुक तन पाय ।
ताकौं घात रु सिध भए, पूजौं अर्घ चढ़ाय ॥

ॐ ह्रीं कटुकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

उदै कसायल कर्मके, काय कसायल थाय ।
ताकौं हनि शिवथल गये, पूजौं अर्घ चढ़ाय ॥

ॐ ह्रीं कसायलकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

काय तिकत जिय तव धरै, तिकत कर्म रस थाय ।
ताकौं घात रु सिध भये, पूजौं अर्घ चढ़ाय ॥

ॐ ह्रीं तिक्तकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिनें अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

सोरठा ।

लालकर्म रस होय, तव जिय सुर्ख शरीर ले ।
याकौं घातैं सोय, ते सिध पूजौं अर्घसौं ॥

ॐ ह्रीं अरुणकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

हरितकर्म फल जोय, काय सवज ताकी वनै।
याकौं घातै सोय, ते सिध पूजौं अर्घसौं॥

ॐ ह्रीं हरित्कर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥

श्यामकर्म फल होय, तव जिय तन कालो लहै।
ताकौं घातै सोय, ते सिध पूजौं भावसौं॥

ॐ ह्रीं श्यामकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥

श्वेतकर्म वल जोय, उज्जल तन तव पाइये।
ताकौं घातै सोय, ते सिध पूजौं भावसौं॥

ॐ ह्रीं श्वेतकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥

पीतकाय तव होय, पीतकर्म तहँ वल करै।
ताकौं घातै सोय, ते सिध पूजौं भावसौं॥

ॐ ह्रीं पीतकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥

वीरजिनंदकी चाल।

कर्म सुगंध उदै वने जी, तन आकार सुगंध।
ताकौं हनि शिवथल गये जी, काट कर्म दुख फंदजी—
भाई, सिद्ध सवै सुखदाय।

ॐ ह्रीं सुगंधिकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥

दुर्गंध तन ताको बनै जी, उदै दुर्गंध कर्म होय।
ताकौं हनि शिवथल गये जी, मन वच पूजौं सोय जी–
भाई, सिद्ध सबै सुखदाय॥

ॐ ह्रीं दुर्गंधकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥

अडिल्ल छंद।

अस्थि नसा नाराच वज्रके जो लहै,
वज्रवृषभनाराच काय ताकी कहै।
एह काय सो पाय मगन ह्वै कै रहै,
इस हिं काटि सिध भए जजैं तिन अघ दहै॥

ॐ ह्रीं वज्रवृषभनाराचसंहननरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥

कीली अस्थि सु दोय, वज्रकेसे लहै,
वज्रनराच सु सहनन ताकौं श्रुति कहै।
एह काय सो पाय मगन ह्वै कै रहै,
इस हिं काटि सिध भये जजैं तिन अघ दहै॥

ॐ ह्रीं वज्रनाराचसंहननरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥

वज्रमई हु हाड़ कर्म ता ह्वैके उदै,
वेढ़ा अरु नाराच वज्रत हो जुदै।
एह काय सो पाय मगन ह्वै कै रहै।
इस हिं काटि सिध भये जजैं तिन अघ दहै॥

ॐ ह्रीं नाराचकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

कील नसें अरु हाड़ वज्रके ना कहै,
अर्ध कीलिका संधि विषै दिढ़के रहै।
एह काय सो पाय मगन ह्वै कै रहै,
इन हिं काटि सिध भये जजैं तिन अघ दहै ॥

ॐ ह्रींअर्धनाराचकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

कीलीरहित जु हाड़, संधि ता तन विषैं,
अस्थि तनों बहु गाढ़, परस्पर धुनि अखै।
एह काय सो पाय, मगन ह्वैके रहै।
इन हिं काटि सिध भये, जजैं तिन अघ दहै ॥

ॐ ह्रीं कीलककर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

जुदे जुदे ह्वै हाड़, नसानितैं दिढ़ भये,
फाटिक तन तिन भार, रसी जिमि करि दये।
एह काय सो पाय मगन ह्वैके रहैं,
इन हिं काटि सिध भये, जजैं तिन अघ दहै ॥

ॐ ह्रीं स्फाटिककर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

चाल—जोगीरासाकी।

आंगोपांग सुघाट सकल अँग, जैसो जिन धुनि गायौ ॥

सुन्दर काय सुहावै सवको, पुण्य जोगतैं पायौ ।
संसथान समचतुर महाठिग, तामैं जीव लुभानो ।
यो ठिग जान हत्यो धन ते सिध, पूजौं अरघ चढ़ानो ॥
ॐ ह्रीं समचतुरस्रसंस्थानरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्व-पामीति स्वाहा ॥

गीता छंद ।

भमंडलनिगरोद जाके, कर्मको रस होय है ।
सो काय ऊपर होय दीरघ, हेटतै कृश होय है ।
हाँ वैठ आतम महा सुख धरि, वंधकी खवरै नहीं ।
तव चेतकर हरि कर्म या ठिग, पहुँचि हैं शिवकी मही ॥
ॐ ह्रीं न्यग्रोधपरिमंडलकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निवर्पामिति स्वाहा ॥

जव उदै स्वातिककर्म ठानै, जीव ऐसे तन वँधै ।
जो लहै ऊपर नसैं दीरघ, हेटकी कानीं सँधै ॥
हाँ वैठ आतम महा सुख धरि, वंधकी खवरैं नहीं ।
तव चेतकर हरि कर्म या ठिग, पहुँचि है शिवकी मही ॥
ॐ ह्रीं स्वातिकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥
जव कर्म कुब्जक देय निज रस, काय तव ऐसी लहै ।
उदर पीठ उतंग जाके, गाँठ वहुती तन रहै ॥
हाँ वैठ आतम महा सुख धरि, वंधकी खवरैं नहीं ।
तव चेतकर हरि कर्म या ठिग, पहुँचि है शिवकी मही ॥
ॐ ह्रीं कुब्जककर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

कर्म वावन उदै आतम काय, लघु पावै सही।
तिस माँहि आतम बैठि हरखे, कर्म-वश सब बुधि दही।
ह्याँ रहै काल अनादि आतम, बंधकी खबरें नहीं।
तब चेतकर हरि कर्म या ठिग, पहुँचि है शिवकी मही ॥
ॐ ह्रीं खर्बाकृतिकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

कर्म हुंडक तनै वश जिय, विकट तन रुँड मुँड लहै।
तिन देखि अनिको अरति उपजै पापवश को ना चहै।
ह्याँ रहे काल अनादि आतम, बंधकी खबरें नहीं।
तब चेतकर हरि कर्म या ठिग, पहुँचि है शिवकी मही ॥
ॐ ह्रीं हुंडककर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

वेसरी छंद।

देवतनी गति ताको कहिये, देव अकार धार शुभ रहिये।
ऐसी प्रकृति हरी शिव पाई, ते सिध जजौं सु अर्घ चढ़ाई ॥
ॐ ह्रीं देवगतिकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

मानुष तन धर जग विचरावै, सो ही गति मानुषकी गावै।
ऐसी प्रकृति हरी शिव पाई, ते सिध जजौं सु अर्घ चढ़ाई ॥
ॐ ह्रीं मानुषगतिकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

तिरजँच तन धरि भू विचरावै, सो तिरजँच गति नाम धरावै ॥
ऐसी प्रकृति हरी शिव पाई, ते सिध जजौं सु अर्घ चढ़ाई ॥
ॐ ह्रीं तिर्यग्गतिकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

नरकविषै ञकको तन होवै, सो ञक गतिको बँधन सोवै।
ऐसी प्रकृति हरी शिव पाई, ते सिध जजौं सु अर्घ जढ़ाई ॥
ॐ ह्रीं नरकगतिकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥

चौपाई।

अनि तन छाँड़ि देवमैं आत, राह विषै सो उदै करात।
सो सुरपूरव जानौ सही, ता हति लई शुद्ध शिवमही ॥
ॐ ह्रीं देवगत्यानुपूर्वीकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

अनि गति छाँड़ि मनुप उपजाय, अंतर विषै सु उदै कराय।
सो मनुपानुपूरवी सही, ता हति लई शुद्ध शिवमही ॥
ॐ ह्रीं मनुष्यगत्यानुपूर्वीकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

जो अनि गति तज पशुतन पाय, आवै राह उदै सो थाय।
सो तिरजँचानुपूर्वी सही, ता हति लही शुद्ध शिवमही ॥
ॐ ह्रीं तिर्यगत्यानुपूर्वीकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामिति स्वाहा ॥

अनि तन छाँड़ि नरक जो होय, सो कर्म राह विषै वल जोय।
नरकपूर्वी जानो सही, ता हति लही शुद्ध शिवमही ॥
ॐ ह्रीं नरकगत्यानुपूर्वीकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

गीता छंद।

जा कर्म औदारीकतैं पुद्गल्ल प्रमान् जो लहै।
तनपिंडमें जिय आय निवसे, सो उदारिक तन कहै।

या कर्म वश नर-पशू आये, जोर नहिं वश रागकै ।
इस घाति पाई नारि शिवसी, सिध जजौं वड़ भागके ॥
ॐ ह्रीं औदारिककर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

वैक्रियक कर्म-वश यहै पुदगल, तासमैं आतम रहै ।
सो जान तन वैक्रियक यामैं, देव न्रकको जिय लहै ।
कोउ पुण्यतैं ले सुभग पुदगल, पापतैं दुखदा सही ।
यहु घाति कर्म वैक्रियक पहुँचे, जजौं ते सिधकी मही ॥
ॐ ह्रीं वैक्रियककर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

कर्म अहरक उदै सेती, पुगल तैसो ही लहै ।
ताको सपिंड अहारको तन, नृमल अति शोभा लहै ।
यो होय रिधिधर महामुनिके, प्रमत गुनथानक सही ।
तिन घाति शिवथल लयो ते धनि, जजौं तिनकी सुध मही ।
ॐ ह्रीं आहारककर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

जाति तैजस पुगलको पिंड, कर्म तैजस वल लहै ।
सो रहै सव जिय संग लगिकैं, मोखमैं नाहीं यहै ॥
जो लहै तैजस दोय विधि मुनि शुभाशुभ सो रिधि कही ।
ते छाँड़ि सकल स्वथान पायौ, पहुँचि हैं सिधकी मही ॥
ॐ ह्रीं तैजसकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

ज्ञान दरशन वेदनी गिन, मोह आयु जु नाम है ।
फिर गोत्र अरू अँतराय, आठों कर्म पुदगल धाम है ।

ये होय इकठे भयो तन जो, कारमान बखानिये ।
हति तासकौं शिवथान पायौ, तेज जो थुति आनिये ॥
ॐ ह्रीं कार्माणशरीररहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

अडिल्ल ।

है बंधान सरूप, पाँच विधि गाइये ।
गारा ईंट दिवालविषैं जिमि पाइये ।
त्यौं तनमैं पल हाड़, नसें बंधन सही ।
ते विधि हरि सिध भये, जजौं ते सिध मही ॥
ॐ ह्रीं पंचप्रकारबंधनकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

सोरठा ।

औदारिक तनमाहिँ, तैसो ही बंधन बनै ।
सो हरि जिन शिव पाहिँ, ते सिध पूजौं अर्घसौं ॥
ॐ ह्रीं औदारिकबंधनरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

वैक्रियक वपु माहिँ, तैसो बंधन होत है ।
सो हरि जिन शिव पाहिँ, ते सिध पूजौं अर्घसौं ॥
ॐ ह्रीं वैक्रियकबंधनरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

अहारक होय शरीर, तैसो बंधन होत है ।
सो हरि शिव ले वीर, ते सिध पूजौं अर्घसौं ॥

ॐ ह्रीं आहारकबंधनरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

तैजस होय शरीर तैसो ही बंधान ले ।
सो हरि शिव ले वीर, ते सिध पूजौं अर्घसौं ॥

ॐ ह्रीं तैजसबंधनरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

कारमान तन पाय, तव तैसो बंधान ले ।
सो हरि शिवथल जाय, ते सिध पूजौं अर्घसौं ॥

ॐ ह्रीं कार्माणबंधानरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

गीता छंद ।

होय पंच सँघात तन जिमि, भींतपर लेपन सही ।
तिमि तन विषैं चहुँ ओर लिपटी, चामतैं शुभसी वही ।
तन-मिन्द्रमें यहु धात गारो, लेप चाम सँघात है ।
तिस कर्म हरि सिधथान पायो, ते जजौं हरषात है ।

ॐ ह्रीं पंचजातिसंघातरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

दोहा ।

औदारिक तनके विषैं, जैसो होय सँघात ।
ताकौं हरि हैं है सिद्धसो , तव शिवथानक पात ।

ॐ ह्रीं औदारिकसंघातरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

वैक्रीयक तन जो लहै, होय तिसो संघात।
ताकों हरि हैं सिद्ध सो, तव शिवथानक पात॥
ॐ ह्रीं वैक्रियकसंघातरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥
अहरक तनके संग ही, होय तिसो संघात।
ताकों हरि हैं सिद्ध सो, तव शिवथानक पात॥
ॐ ह्रीं आहारकसंघातरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥
तैजसको जाके वपू, तैसो लखि संघात।
ताकों हरि हैं सिद्ध सो, तव शिवथानक पात॥
ॐ ह्रीं तैजससंघातरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥
कारमान तन संग जे, तत्र जैसो संघात।
ताकों हरि हैं सिद्ध सो, तव शिवथानक पात॥
ॐ ह्रीं कार्माणसंघातरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥

चाल—वीरजिनेन्द्रकी।

जाति इकेन्द्री सो लहै जी, ते ता ही होय ज्ञान।
ता हरि सुख दुख लहै जी, सो हर ले शिवथान—
जी भाई, धर्म विना सुख नाँहि॥
ॐ ह्रीं एकेन्द्रियजातिकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥

अडिल्ल छंद ।

क्षय उपशम दो इन्द्रीको तन पाय है ।
कर्म दु इन्द्री नाम उदै तव थाय है ।
ताही धारै सुख दुख ते तो पायजी ।
याहि कर्म जो हरै सिद्ध सो थायजी ॥

ॐह्रीं द्वीन्द्रियनामकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

ते इन्द्रीको क्षय उपशम सो जिय लहै ।
जातैं ते इन्द्री नामकर्म तहँ रस कहै ।
ताही धारै सुख दुख आतम पाय जी ।
याहि कर्म जो हरै, सिद्ध सो थायजी ॥

ॐह्रीं त्रीन्द्रिय नामकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

चौ इन्द्रीके उदै जीव चौ अख वनै ।
ज्ञान तितो ही होय ओर बुधिको हनै ।
या वश जीव असंख्याते भवमैं रहै ।
याकौं हरि सुध भये ताहि धुनि सिध कहैं ॥

ॐह्रीं चतुरिन्द्रियनामकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

पचेन्द्री वश जीव नरक नर सुर वनै ।
जाति पशू भी होय कर्म-वश बुधि हनै ।

जैसो कर्म रस देय ज्ञान तैसौ कहै ।
याकौं हरि सुध होय ताहि धुनि सिध कहै ॥

ॐ ह्रीं पंचेन्द्रियनामकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

गीता छंद ।

अंग आठ नितम्ब मस्तक, हाथ दुय पद उर सही ।
फिर पीठ मिल वसु जान तनमैं, अरु उपँग श्रुति यों कही ।
सो होय तीन शरीर माँही दोयके ये ना कहै ।
इन घातिके शिवथान पहुँचे लोकत्रय मंगल ठहै ॥

ॐ ह्रीं आंगोपांगनामकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

जो बनै औदारीक तनमैं अँग उपंग सुहावनै ।
सो जान औदारीक अंगोपांगकर्मतें पावनै ।
इस तने वश सुख मान निवस्यो रोगकी खबरैं नहीं ।
तिस घातिके शिवथान पहुँचे ते जजौं मन वच ठही ॥

ॐ ह्रीं औदारिक-आंगोपांगकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

वैक्रियक-आंगोपांग कर्मके उदै सेती सो लहै ।
नर्क काय माँहि अनिष्ट पावै देवके शुभसौं रहै ।
ये हरप और विषाद वश जिय काल चिर इन वश रहै ।
जे घाति तिनकौं गये शिवपुर ते जजौं तहँ थिर ठहै ॥

ॐ ह्रीं वैक्रियक-आंगोपागकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

जोलवधि-वल मुनि लहै अहरक तन महा हितदाय जी।
तहँ होय अंगोपांग सुखदा कर्म वश सो पाय जी।
सो अहार आंगोपांग सुन्दर पायकरि श्रेणी लहै।
इस टारि धारि सुरूप अपनो शुद्ध करि सिध थल लहै॥

ॐ ह्रीं आहारक-आंगोपांगकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

चौपाई।

जो निज चाल सुभग उरवेय, ताकौ भली चाल रस देय।
याभी भवमैं राखनहार, या हति सिद्ध भये भवपार॥

ॐ ह्रीं शुभगमनकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

अशुभ चाल जो अपनी कहे, सो कर्म अशुभचाल रस लहै।
याभी भवमैं राखनहार, या हति सिद्ध भये भवपार॥

ॐ ह्रीं अशुभगमनकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

ये पैंसठ पिंड परकृति जान, चौथे थोक कहै भगवान।
इनकौं हति शिवथानक पात, तिन सिध पाँय जजौं हरषात॥

ॐ ह्रीं पंचषष्ठिपिंडप्रकृतिरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

उदै अगुरुलघु कर्म सु जान, रहै जथारथ जिय तन ठान।

ताकौं हति पहुँचे शिव जाय, ते सिध जजौं अर्घतैं भाय ॥

ॐ ह्रीं अगुरुलघुकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

सास उसास जीव जो लहै, ताकौं सास कर्म रस कहै ।
सो हर करि शिवथानक गये, ते सिध मन वच तन हम नये ॥

ॐ ह्रीं श्वासोच्छ्वासकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

उदै कर्म उपघात सु होय, ता तन ऐसे लच्छन होय ।
तातैं अपने तनकी घात, याहि कर्म घातैं शिव पात ॥

ॐ ह्रीं उपघातकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

पर तन हरन चहन तहँ होय, सो परघात कर्म बल-जोय ।
याकौं हति पाई शिवनारि, ते सिध जजौं अरघ मद-हारि ॥

ॐ ह्रीं परघातकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

कर्म अताप उदै जब जोय, निज तन ज्योति शीत ग्रम होय ।
सूर्य-विमान उदै यह जान, याकौं हनि पायो शिवथान ॥

ॐ ह्रीं आतापकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

निज तन शीत शीतद्युति होय, सो उद्योत कर्म रस जोय ।
शशि-विमान आदिक बहु थान, याकौं हर होय शिव जान ॥

ॐ ह्रीं उद्योतकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

गीता छंद ।

निरमान परकति दोय विधि है, थान अरु परमान जी ।
होय अंग उपंग निज थल, सो सथान निमान जी ।

फिर अंग-उपांग प्रमानतैं है, सो प्रमान सु जानिये।
तजि दोय विधि निर्मानकर्महिं लहै शिवबल ठानिये ॥

ॐ ह्रीं निर्माणकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

तहँ होय तीस रु चार अतिशय, समवशरण सुहावनो।
फिर पंचकल्याणादि मंगल, जगतको सुख दावनो।
तहँ होय तीरथ नाम परकृति, जहाँ यह विधि थाय जी।
तजि तासकौं शिवथान पायो, ते जजौं थुति लाय जी ॥

ॐ ह्रीं तीर्थंकरनामकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं नि० ॥

चौपाई।

जिय संपूरन पावै काय, कर्म उदै परजापत थाय।
याकौं हति पायो शिव थान, ते सिध जजौं अर्घ शुभ ठान।

ॐ ह्रीं पर्याप्तिकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं नि० ॥

तन परजापत पूरि न लहै, अध बीचे परजाय सु जहै।
याकौं हति पायो शिव थान, ते सिध जजौं अरघकरि आन

ॐ ह्रीं अपर्याप्तनामकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

इक तन स्वामी इक जिय होय, ताको प्रतेक नाम बल जोय।
ताकौं हरि पहुँचे शिव थान, तिनकौं अरघ जजौं हित ठान।

ॐ ह्रीं प्रत्येकनामकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

इक तनके बहु स्वामी जीव, ते साधारन उदै सदीव।
ताकौं हरि पहुँचे शिव थान, ते सिध जजौं अरघ शुभ ठान।

ॐ ह्रीं साधारणकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

गमन सकति पावै जो जीव, कर्म उदै त्रस ताके कीव।
ताकौं हरि पहुँचे शिवधाम, ते सिध पूजौं शिवपद काम ॥

ॐ ह्रीं त्रसनामकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

जो थिर रहै गमनचल नाहिं, सो जिय थावर उदै सु पाहिं।
ताकौं हरि पायो ध्रुवथान, ते सिध जजौं छाँड़ि उरमान ॥

ॐ ह्रीं स्थावरनामकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

जो जिय आड़ किये रुक जाय, बादर कर्म उदै तहँ थाय।
ताकौं हरि पायो शिवथान, ते सिध जजौं हरष उर आन ॥

ॐ ह्रीं बादरनामकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

वज्रथकी भी रुके न जीव, ताके सूक्षम कर्म सदीव।
ताकौं नाशि गये शिवथान, ते सिध पूजौं अरघ सु ठान ॥

ॐ ह्रीं सूक्ष्मनामकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

जो निज शब्द भलो उर वेय, सुस्वर कर्म उदै तब देय।
ताकौं नाशि भये सुध धीर, ते सिध जजौं भक्ति करि वीर ॥

ॐ ह्रीं सुस्वरकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

जब निज शबद भलो नहिं कहै, तब ही दुस्वर-कर्म-रस लहै।
ताकौं नाशि भये सुध जीव, ते सिध जजौं सु हरष सदीव ॥

ॐ ह्रीं दुस्वरकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

तनमैं शुभ लच्छन सुन्दरो, ताके उदै कर्म शुभ खरो।
ताकौं नाशि गये सुध धाम, ते सिध जजौं हरषके काम ॥

ॐ ह्रीं शुभकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

अशुभ चहत तन रूप न कोय, ताके अशुभ-कर्म-रस होय।
ताकौं हनि पायो निर्वान, ते सिध पूजौं जै जै ठान ॥

ॐ ह्रीं अशुभकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

सप्त धातु तनकी थिर रहै, ताके थिरकर्मको बल कहै।
ते कर्म नाशि लयो सुध धाम, ते सिध जजौं हरषके काम ॥

ॐ ह्रीं स्थिरकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

सप्त धातु तनकी थिर नाहिं, तब ही अथिर-कर्म-रस ठाहिं।
यहु हरि कर्म गये शिव होय, ते सिध पूजौं मन वच जोय ॥

ॐ ह्रीं अस्थिरकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

मानै जिय अब आदर भयो, तब आदेय कर्म-रस ठयो।
ताकौं नाशि भये शिवरूप, ते सिध पूजौं अर्घ अनूप ॥

ॐ ह्रीं आदेयकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

जब कहुँ जीव अनादर थाय, अनादेय तब परकति आय।
ताकौं हति पायो शिवथान, ते सिध पूजौं मन वच जान ॥

ॐ ह्रीं अनादेयकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

अडिल्ल छंद।

जब जिय आप सुभाग आप उर जानि है।
उदै कर्म जिय तब सुभागका मानि है।
याकौं नाशि गये शिवथानकमैं सही।
सो सिध पूजौं भावसहित वसु द्रव लही ॥

ॐ ह्रीं सौभाग्यकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

जो जीव अपने भाग्यकौं, उरमैं भलो जानै नहीं।
दुर्भाग्यकर्म उदै सु ताके, तासतैं इम चित ठही।
होय कर्म जाके उदै तैसो, भाव भी तैसे बनै।
यहु नाशिके शिवथान पायो ते जजौं सुखदा बनै ॥

ॐ ह्रीं दुर्भाग्यकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जो आपनो जस जगत मानै, और जन शोभा कहै।
सो कर्म जस जाके उदै है, तासतैं महिमा लहै।
इमि जान सुध है रहै तनमैं, भेद भेद न पाय है।
यहु नाशिके शिवथान पायो, ते जजौं सुखदाय है ॥

ॐ ह्रीं यशःकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

जस नाहिं अपनो जगत मानैं, कहै मैं अजसी सही।
तिस जीवके है अजसको बन्ध, तासतैं शोभा नहीं।
ये कर्म-परकृति पाप हैं, सो तासतैं या विधि बनी।

ते सिद्ध पूजौं भाव शुभकर, तासने परकति हनी ॥
ॐ ह्रीं अयशः कर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा
नामकर्मके सुभट वहु विधि, स्वांग अति धारैं सही ।
गिन तिरानव तीन (?) आगै, जीव इन वश चिर गही ।
यह नामकर्म निवार पहुँचे, लोक शिखर शिरोमनी ।
ते सिद्ध पूजौं अर्घ करिके, देहि शिव मो शिवधनी ॥
ॐ ह्रीं त्र्यधिकनवतिनामकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

---

(७)

गोत्रकर्म विनाशपूजा ।

चाल जोगीरासा ।

गोत्रकरम है सूरजवंशी, भूपतिसो रिझवारो ।
ऊँच नीच ताके घर दौलत, सेवकसो अधिकारो ।
रीझे ऊँच करै बिन रीझे नीच दशा कर डारै ।
ऐसे कर्म हरिके शिव पहुँचे ते सिध शरन हमारै ॥
ॐह्रीं गोत्रकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥
नीच गोत्रके जीव उदैतैं, नर्क पशू वन आवै ।
मनुषविषै कुल वैश्य रु ब्राह्मन, क्षत्री कुल नहिं पावै ।
या कर्मके वश जीव परै सब, ते ही नीच कहाये ।
याकौं हति शिवथान गये धनि, पूजौं मन वच काये ॥
ॐह्रीं नीचगोत्रकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

गोतर ऊँच तने वल सेती, सुर नर जीव कहावै ।
नरक पशूगति सुंदर नरमैं, जीव कदे नहिं आवै ।
जो पशु जीव रहै खुश तिन ही, जान महासुख वासो ।
ताकौं तजि शिवथान गये धनि, पूजौं करि सुख खासो ।
ॐ ह्रीं उच्चगोत्रकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिनैं अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

---

(८)

अंतराय कर्म-विनाश पूजा ।

गीता छंद ।

पंच विधि अँतराय ताने, जीव वीरज हरि लियो ।
तव वीर्य विन जिय निवल ह्वैकै चारगति निज घर कियो ॥
ये महाभट अँतराय शिव मग, घातिके छलकौं चहै ।
ताकौं सु हति शिवथान पायो, जजे ताकौं शिव लहै ॥
ॐ ह्रीं पंचप्रकार-अंतरायकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

जय मैं उदै अँतराय दान सु,-दान जिय सो ना करै ।
परभाव-मोहित रहै निशिदिन, त्याग बुधि सो ना धरै ।
इस कर्मके वश जीव है करि, रहै सकति गुमाय जी ।
ताकौं सु हति शिव लई जाकौं, नमूँ मन वच काय जी ॥
ॐ ह्रीं दानान्तरायकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

लाभकी अँतरायके वश, जीव लाभ सु ना लहै।
जो करै कष्ट उपाय सगरे, कर्मवश विरथा रहै।
नहिं जोर याको चले इक छिन, दीनसो जगमैं फिरै।
ते जजौं सिद्ध जु अर्घ धरिके, तिको या कर्मको हरै॥

ॐ ह्रीं लाभान्तरायकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥

भोगकी अँतरायके वश, भोग वस्तु जु ना मिलै।
जो मिलै तो नहिं भोग सक है, कर्म-वश नित ही वलै।
ते धन्य कर्म निवार ऐसो, भोग निज परनति कियो।
ते सिद्ध पूजौं अर्घ सेती, त्यागिकै निज भो लियो॥

ॐ ह्रीं भोगान्तरायकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥

रत्न भूषण नारि वस्तु सु, सुभग मन्दिर सोहना।
इत्यादि जो उपभोगके, द्रव मिलै शुभ मन मोहना।
सो सके नाहीं भोग करि जिय, उदै कर्म उपभोग है।
जो गये याकौं छाँड़ि शिवपुर, जजौं तहाँ नाहिं रोग है॥

ॐ ह्रीं उपभोगान्तरायकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥

वीर्य कर्म अँतराय जाके उदै, वल जिय ना लहै।
पुरुषार्थ तामैं होय तुछ नाहिं, दीन शक्ति सु जुत रहै।
नहिं जोर यापै चले काको, महाबल धर कर्म है।
हर तासकौं शिवथान पायो, जजौं ते सुध धर्म है॥

ॐ ह्रीं वीर्यान्तरायकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

दोहा।

ये पाँचों अंतरायने, वीरज आतम छाय।
इनकौं हर शिवथल गये, सो सिध पूजौं भाय ॥

ॐ ह्रीं पंचप्रकार-अंतरायकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

जयमाल।

दोहा।

इन कर्मन भट जग जयो, ते धनि ये खय लाय।
या विधि बंध उदै सता-हानि सिद्ध थल पाय ॥ १ ॥

वेसरी छंद।

शत परकति इकसै अड़ताली, वंधतनी शत वीस समाली ॥
सत्त वाईस उदैकी भाई, या विधि क्षय करिकै शिव पाई ॥२॥
जीव अनादि मिथ्यापुर माहीं, वंध उदै सत्ता-वश थाही।
तव कोई काल लवधि ढिग आवै, सो इमि कर्म छाँड़ि शिव जावै ॥
तव जिय दूजे थानक होवै, तहँ सतकी परकति नाहिं खोवै।
वंधविषै षोड़श भट तोरै, उदै तने भट पंच मरोरै ॥ ४ ॥
तव जिय नशि तीजे पुर आवै, तोभी वहु भट साथ थकावै ॥
सत्ताकै सव ही भट लारै, वंध तने पच्चीस निवारै ॥ ५ ॥
उदै तनें नव सूरा खोवै, फेरि जीव समदृष्टी होवै।
वहुत सूर तहाँ सँग आवै, सत्ता सुभट सवै ही पावै ॥ ६ ॥
वंध तने नहिं सुभट खपावै, उदै तनो इक जोधा ढावै।

फेरि नाश पंचम पुर आयो, सत्तासों इक सूर खपायो ॥ ७ ॥
बंधविषै दस परकति तोरी, सत्रै उदै विषैं तें मोरी ॥
फेरि जीव मुनिपदकौं धायो, सत्त तनो इक सूर खिपायो ८
चार शूर बँधके खय कीनै, वसु जोधा सु उदकै छीनै ।
तो भी सुभट संग बहु आये, तब चेतन सप्तम पुर धाये ॥ ९ ॥
सत्ता सुभट गैल है सारे, बंध तने जोधा षट मारे ।
उदै तने पँच शूरा जीते, तो भी कर्म नसें नहिं बीते ॥ १० ॥
सो जिय अष्टम पुरको आयो, सत्ताके वसु भट जय धायो ।
बंधविषैं कोइक भट डार्‍यो, उदै चार भटको मद मार्‍यो ॥ ११ ॥
क्षायकश्रेणी सो भट जावे, उदै तने यहँ षट भट ढावै ।
सो उपशम ग्यारह मैं खोवै, जो दुय भट इसरह जहाँ धोवै १२
फिर नवमें पुर आयो भाई, सत्ता शूर सबै सँग धाई ।
शूर छतीस बंधके खोये, उदै तने षट जोधा बोये ॥ १३ ॥
फिर दशवें पुर आयो शूरा, पीछे करम लगे दुख पूरा ।
सत्ता शूर छतीस न आये, उदै तने षट शूर नसाये ॥ १४ ॥
पंच बंधकें जोधा मारै, इमि करि दशवें पुरहिं पधारै ।
ह्यां सत्ताको इक भट तोर्‍यो, षोडश भट बंधको मद मोर्‍यो १५
उदै तनो इक जोधा खोयो, तब आतम द्वादश पुर जोयो ।
उलँघि ग्यारमो गढ़ यहँ आयो, मोहतनो सब कुल कहलायो १६
फिर यहँतैं जिनपदमैं धाये, षोड़श भट सत्ताके ढाये ।
उदैविषैं षोड़श ही मारै, बंध सुभट पै नाहिं निहारै ॥ १७ ॥
तब अजोग दीपमैं आये, सत्ताके सब भट सँग धाये ।

उदै तनै भट तीस मरोरै, बंध एक भट सो यहँ तोरै ॥ १८ ॥
तुछ थितिकरि शिव सहज विराजै, तीन लोक नायक थिरवाजै ।
सत्ता सुभट पचासी खोये, उदै तने द्वादश भट वोये ॥ १९ ॥
ऐसे आतम शिव जो जावै, या विधि कर्मबंधको ढावै ।
कै सुख काल अनंता राजै, ते नित पूजै भवि शिवकाजै ॥२०॥
सिधथल सिद्ध अनंते जानो, इकमैं सिद्ध अनंते मानो ।
सब ही सम सुख हैं सम ज्ञानो, विन मूरति चेतन भगवानो २१
जो सिवसुख, सो जगमें नाहीं, जग दुख जे नहिं सिद्धन ठाहीं।
उनके सुखकी को कवि गावै, जाने सो सब कर्म खिपावै ॥२२॥
इनको सेये पद इन पावै, अधिक कहा फल मुखतैं गावै ।
यो फल सुनि हम मन ललचायो, तातैं टेक छाँड़ि शिर नायो ।२३।

दोहा ।

धोय करम-रज शिव वरी, महा सुभटता लाय ।
ते सिध सबको सरन है, और कहा थुति भाय ॥ २४ ॥

ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं सिद्धपरमेष्ठिने महार्घ निर्वपामीति स्वाहा ॥

दोहा ।

नमो सिद्ध सिध कारने, भक्ति महा मन लाय ।
पूजैं सो शिव-सुख लहै, और कहा अधिकाय ॥ २५ ॥

इत्याशीर्वादः ।

इति
कर्म-दहन पूजा-विधान ।

परम पवित्र जैन साहित्यके प्रसारका

एक नवीन उपाय।

सिर्फ ५०० स्थायी ग्राहकोंकी आवश्यकता।

हिन्दी-जैन-चरित-माला।

इसमें जैनाचार्योंके बनाये अच्छे २ संस्कृत ग्रन्थ हिन्दी भाषामें अनुवाद कराकर प्रकाशित किये जाते हैं। आठ आने प्रवेश फी जमा करा जो महाशय इसके स्थायी ग्राहक वनते हैं, उन्हें चरितमालाकी सब पुस्तकें पौनी कीमतमें दी जातीं हैं। अब तक इस मालामें नीचे लिखी पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।

१. **यशोधर-चरित**—संस्कृतमें यह बड़ा ही सुन्दर काव्य है। उसीका यह हिन्दी अनुवाद है। इसमें यशोधर महाराजका चरित बड़ी सुन्दरतासे लिखा गया है। इसके पढ़नेसे हृदयमें करुणाका प्रवाह वह उठता है। बड़ी सुन्दर पुस्तक है। कीमत चार आना।

२. **नागकुमार-चरित**—इसके मूल ग्रंथकार उभय-भाषा-कवि-चक्रवर्ती श्रीमल्लिषेणसूरि हैं। नागकुमार कैसा कर्तव्य-परायण पुरुषरत्न था, कैसा परोपकारी और शूरवीर था, इस वातका बड़ी अच्छी तरहसे इस पुस्तकमें वर्णन है। कीमत छह आना।

३. **पवनदूत (काव्य)**—कालिदासके मेघदूतके ढंगपर इसमें पवनको दूत बनाकर, उज्जैनके राजा विजय नरेशकी विरहकथा उन्हींके मुँहसे कहलवा कर उनकी स्त्री सुताराके पास उनका संदेशा पहुँचवाया है। सुताराको एक विद्याधर हरकर ले गया था।

इसीके आधारपर यह ग्रंथ रचा गया है। हिन्दी भाषामें बड़ा अच्छा अनुवाद हुआ है। कीमत चार आना।

४. भक्तामर-कथा (मंत्रयंत्रसहित)—स्वर्गीय ब्रह्मचारी रामल्लके बनाये भक्तामर कथाके आधारपर यह ग्रंथ बड़ी सीधी सादी हिन्दी भाषामें छपाया गया है। इसमें पहले भक्तामरके मूल सुन्दर श्लोक, फिर पं० गिरिधर शर्माका हिन्दी पद्यानुवाद, बाद मूलका खुलासा भावार्थ, फिर भक्तामरके मंत्रोंको सिद्ध करनेवालोंकी ३३ सुन्दर कथाएँ, इसके बाद अन्तमें मंत्र, ऋद्धि और उनकी साधनविधि तथा अड़तालीस यंत्र, इस प्रकार योजना करके सर्व साधारणके लाभार्थ यह ग्रन्थ छपाया गया है। कीमत सादी जिल्दका एक रुपया और कपड़ेकी पक्की जिल्दका सवा रुपया।

५. सुकुमाल-चरित-सार—सुकुमाल कुँवरका चरित बड़ा ही सुन्दर है। यह चरित पहले दो बार छपकर बिक चुका है। सर्व साधारणको यह चरित सुलभतासे पढ़नेको मिल सके, इसलिये स्व० ब्रह्मचारी नेमीदत्तके 'सुकुमाल-चरित-सार' का यह नया अनुवाद छपाया गया है। कीमत डेढ़ आना।

६. सम्यक्त्व-कौमुदी—पुण्याश्रव, आराधना-कथाकोष सरीखा यह भी जैनकथा-साहित्यका सुन्दर ग्रन्थ है। इसमें सम्यक्त्वके प्राप्त करनेवालोंकी आठ मनोहर और धार्मिक कथाएँ है। पढ़नेमें बड़ा मन लगता है। इसकी सरल और सुन्दर बोलचालकी संस्कृत भाषा द्वारा विद्यार्थीगण भी लाभ उठा सकें, इसलिये इसे हमने संस्कृत सहित छपवाया है। कीमत सादी जिल्दवालीका एक रुपया दो आना और कपड़ेकी पक्की जिल्दवालीका एक रुपया छह आना।

७. श्रेणिक-चरित-सार—श्रेणिक-चरित बड़ा सुन्दर ग्रन्थ है। उसके द्वारा सर्व साधारण लाभ उठा सकें; इसलिए हमने स्व० ब्रह्मचारी नेमीदत्तके बनाये 'श्रेणिक-चरित-सार' का यह अनुवाद छपवाया है। कीमत तीन आना।

८. चन्द्रप्रभ-चरित—इसमें आठवें तीर्थंकर श्रीचन्द्रप्रभ भगवानका पवित्र और मनोहर चरित लिखा गया है। प्रसंगानुसार शृंगार, वैराग्य, वीर, करुणा आदि सभी रसोंका इसमें बड़ी खूबीके साथ वर्णन किया गया है। अबतक यह केवल संस्कृत भाषामें ही था; पर एक महा कविके बनाये श्रेष्ठ काव्यकी सुन्दर और मनोमोहक वर्णन-शैलीका रस पान हिन्दीके पाठक भी कर सकें, इसलिए हमने एक अच्छे विद्वान् द्वारा इसका हिन्दी अनुवाद कराकर प्रकाशित किया है। यह विद्यार्थियोंके लिये भी बड़े कामकी वस्तु बन गई है। अनुवाद बड़ा सुन्दर और सरल हुआ है। कीमत सादी जिल्दका एक रुपया और कपड़ेकी पक्की जिल्दका सवा रुपया।

९. नेमी-पुराण—इसमें बावीसवें तीर्थंकर नेमिनाथ भगवान्का पवित्र-चरित्र और राजकुमारी राजीमतीकी करुण-कथा बड़ी सुन्दरतासे लिखी गई है। पढ़ते पढ़ते हृदय भर आता है। प्रसंङ्गवश कृष्ण और उनके वीर-पुत्र प्रद्युम्नकुमारका सुन्दर चरित्र भी इसमें लिख दिया गया है। एक बार पढ़ना आरंभ करनेपर फिर पूरा किये विना छोड़नेको मन नहीं चाहता। संस्कृत भाषासे हिन्दीमें बड़ सरल अनुवाद हुआ है। कीमत सादी जिल्दका दो रुपया। कपड़ेकी पक्की जिल्दका सवा दो रुपया।

१०. सुदर्शन-चरित—'शील' पालनेवालोंमें सुदर्शनका नाम विशेष उल्लेख योग्य है। सुदर्शन बड़ा ही दृढ़-निश्चयी था। कामी स्त्रियोंने उसपर बड़े बड़े घोर उपसर्ग किये, पर सुदर्शन उनसे बिलकुल न डिगा। शीलके प्रभावसे उसपर किया गया तलवारका वार मोतियोंका हार बन गया। देवतोंने उसकी पूजा की। शील धर्ममें दृढ़ करनेके लिए सुदर्शन-चरित बड़ा उत्तम ग्रन्थ है। संस्कृतपरसे नया ही अनुवाद करके छपाया गया है। कीमत नौ आने।

आगेके लिए 'पुण्याश्रव पुराण' और 'पद्मपुराण' तैयार हो रहे हैं।

हमारी छपाई हुई अन्य पुस्तकें।

१. पंचास्तिकाय-समयसार—मूलग्रन्थके बनानेवाले भगवान् कुन्दकुन्दाचार्य हैं। उसपर स्व० बनारसीदासजीके 'समयसार-नाटक' की तरह जहानाबाद निवासी श्रीयुत स्व० पं० हीरानन्दजीने दोहा, चौपाई, कवित्त, सवैया आदिमें यह छन्दोबद्ध टीका लिखी है। यह आध्यात्मिक विषयका बड़ा ही उत्तम ग्रन्थ है। कीमत एक रुपया।

२. अकलंक-चरित—इसमें 'अकलंक-स्तोत्र' और उसका हिन्दी पद्यानुवाद सहित श्रीअकलंक देवका जीवन-चरित्र छपाया गया है। हिन्दी पद्यानुवाद खड़ी बोलीकी कवितामें हरएककी समझमें आने योग्य और सुन्दर है। मूल्य तीन आना।

३. हिन्दी-भक्तामर—यह पं० गिरिधरशर्माकृत खड़ी बोलीकी हिन्दी कवितामें संस्कृत 'भक्तामर-स्तोत्र' का अनुवाद है। मूल्य सवा आना।

४. हिन्दी-कल्याण-मंदिर—यह पं० गिरिधरशर्म्मा कृत खड़ी बोलीकी हिन्दी कवितामें संस्कृत "कल्याण-मंदिर" का अनुवाद है। मूल्य एक आना।